## St. Mary's Convent Inter College, Prayagraj
## First Terminal Examination 2025-26

**Time : 3hrs** | **Class – 10** | **M.M. : 80**

**Hindi**

**Name : ........................................................ Roll No. ................... Date : ..........................**

---

**इस प्रश्न पत्र में दो खंड दिए गए हैं- खंड(क), खंड(ख) | प्रत्येक खंड को करना अनिवार्य है |**

### खंड-क (40 Marks)

**प्रश्न 1) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए - [15]**

(क) आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस: "भविष्य की दिशा और मानवता पर प्रभाव" इस विषय पर अपने विचार प्रकट कीजिए और बताइए कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जीवन में सुविधा के साथ-साथ मुसीबत किस प्रकार बन सकता है ?

(ख) "आजकल देश में आवासीय विद्यालयों की बाढ़ सी आ गई है। आवासीय विद्यालयों की छात्रों के जीवन में क्या उपयोगिता हो सकती है?" - इस प्रकार के विद्यालयों की अच्छाइयों एवं बुराइयों के बारे में बताते हुए वर्तमान में इनकी आवश्यकता पर अपने विचार लिखिए।

(ग) त्योहार हमें उमंग एवं उल्लास से भरकर अपनी संस्कृति से जोड़े रखते हैं। आज-कल लोगों में त्योहारों को मनाने के प्रति उत्साह एवं आस्था का अभाव देखा जाता है। लोगों की इस मानसिकता के कारण बताते हुए जीवन में त्योहारों के महत्व का वर्णन कीजिए।

(घ) एक मौलिक कहानी लिखिए जिसका आधार निम्नलिखित उक्ति हो -
"परिश्रम ही सफलता का सोपान है।"

**प्रश्न 2) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए - [7]**

(क) नगर के दिल्ली विद्युत बोर्ड के महाप्रबंधक को पत्र लिखिए जिसमें परीक्षा के दिनों में बार-बार बिजली चले जाने से उत्पन्न असुविधा का वर्णन हो।

(ख) विद्यालय के छात्रों के साथ समाज सेवार्थ पर जाने के लिए पिता से अनुमति मांगते हुए पिता को पत्र लिखिए।

**प्रश्न 3) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए : [10]**

परियोजना शिक्षा का एक बहुत ही महत्वपूर्ण अंग है। इसे तैयार करने में किसी खेल की तरह का ही आनंद मिलता है। इस तरह परियोजना तैयार करने का अर्थ है-खेल-खेल में बहुत कुछ सीख जाना। यदि आपको कहा जाए कि दशहरा पर निबंध लिखिए, तो आपको शायद उतना आनंद नहीं आएगा। लेकिन यदि आपसे कहा जाए कि अखबारों में प्राप्त जानकारियों के अलावा भी आपको देश-दुनिया की बहुत सारी जानकारियाँ प्रदान करती है। यह आपको तथ्यों को जुटाने तथा उन पर विचार करने का अवसर प्रदान करती है। इससे आप में नए-नए तथ्यों के कौशल का विकास होता है। इससे आपमें एकाग्रता का विकास होता है। लेखन संबंधी नई-नई शैलियों का विकास होता है।

Python Robotics & AI
JAVA Comp. Applications
Experts' Institute
8-D, Kutchery Road, Ph:9415368884
EXPERTS' INSTITUTE

Python Robotics & AI
JAVA Comp. Applications
Experts' Institute 8-D, Kutchery Road. Ph:9415368884
EXPERTS' INSTITUTE

आपमें चिंतन करने तथा किसी पूर्व घटना से वर्तमान घटना को जोड़कर देखने की शक्ति का विकास होता है। परियोजना की कई प्रकार से तैयार की जा सकती है। हर व्यक्ति इसे अलग ढंग से, अपने तरीके से तैयार कर सकता है। ठीक उसी प्रकार जैसे हर व्यक्ति का बातचीत करने का, रहने का, खाने-पीने का अपना अलग तरीका होता है। ऐसा निबंध, कहानी कविता लिखते या चित्र बनाते समय भी होता है। लेकिन ऊपर कही गई बातों के आधार पर यहाँ हम परियोजना को मोटे तौर पर दो भागों में बाँट सकते हैं-एक तो वे परियोजनाएँ, जो समस्याओं के निदान के लिए तैयार की जाती हैं और दूसरी वे, जो किसी विषय की समुचित जानकारी प्रदान करने के लिए तैयार की जाती हैं।

समस्याओं के निदान के लिए तैयार की जाने वाली परियोजनाओं में संबंधित समस्या से जुड़े सभी तथ्यों पर प्रकाश डाला जाता है और उस समस्या के निदान के लिए भी दिए जाते हैं। इस तरह की परियोजनाएँ प्राय: सरकार अथवा संगठनों द्वारा किसी समस्या पर कार्य – योजना तैयार करते समय बनाई जाती हैं। इससे उस समस्या के विभिन्न पहलुओं पर कार्य करने में आसानी हो जाती हैं।

किंतु दूसरे प्रकार की परियोजना को आप आसानी से तैयार कर सकते हैं। इसे 'शैक्षिक परियोजना' भी कहा जाता है। इस तरह की परियोजनाएँ तैयार करते समय आप संबंधित विषय पर तथ्यों को जुटाते हुए बहुत सारी नई-नई बातों से अपने-आप परिचित भी होते हैं।

(क) परियोजना क्या है? इसका क्या महत्व है?

(ख) परियोजना हमें क्या-क्या प्रदान करती है?

(ग) शैक्षिक परियोजना क्या है?

(घ) परियोजना की किस प्रकार से तैयार की जा सकती है? यह कितने प्रकार की होती है?

(ड) समस्या का निदान करने वाली परियोजना कैसी होनी चाहिए?

**प्रश्न 4) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए -** **[8]**

i) 'उधार' का विलोम बताइए:

a) लेन b) नकद c) बकाया d) सस्ता

ii) 'सजग' की भाववाचक संज्ञा बताइए:

a) सजगता b) सजग c) सजगपन d) सचेत

iii) 'मनुष्य' का पर्यायवाची बताइए:

a) गगन - नर b) मानव - दानव c) नर - महीप d) मानव - नर

iv) 'बिकना' का विशेषण बताइए:

a) बिकता b) बिक्री c) बिकवाना d) बिकाऊ

v) 'गृहिनी' का शुद्ध रूप बताइए:

a) गृहनी b) गृहणी c) गृहिणी d) गृहणि

vi) "चिकना घड़ा होना" मुहावरे का अर्थ बताइए:

a) सुंदर दिखना।

b) घमंडी होना।

c) किसी बात का असर न होना।

d) ज्यादा बोलना।

Python Robotics & AI
JAVA Comp. Applications
Experts' Institute
8-D, Kutchery Road, Ph:9415368884
EXPERTS' INSTITUTE

vii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बनाइए:

उसने किसी की बात नहीं सुनी। ("उसने" के स्थान पर "वह" का प्रयोग कीजिए)

a) वह किसी की बात न सुने।

b) वह किसी की बात सुने।

c) वह किसी की बात न सुनता ।

d) वह किसी की बात नहीं सुनती।

viii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बनाइए:

सभी सांसारिक सुख शाश्वत नहीं हैं। (वाक्य का अर्थ बदले बिना 'नहीं' हटाइए)

a) सभी सांसारिक सुख महान हैं।

b) सभी सांसारिक सुख क्षणिक हैं |

c) सभी सांसारिक सुख आवश्यक हैं।

d) सभी सांसारिक सुख आनंददायक हैं।

## खंड-ख (40 Marks)

NOTE -दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों का उत्तर दीजिए। प्रत्येक पुस्तक से एक प्रश्न करना अनिवार्य है।

### संक्षिप्त कहानियाँ

प्रश्न 5- 'इतनी भीड़ थी कि लाइन खत्म होने को ही नहीं आती थी।फिर भी पूरा सामान नहीं मिल पाया।' [10]

क- यह पंक्ति कौन किससे कह रहा है ?

ख- वक्ता कहाँ गया था और क्यों ?

ग- वक्ता किस लाइन और सामान की बात कर रहा है ?

घ- वक्ता की परेशानी के लिए कौन ज़िम्मेदार है और कैसे ?

प्रश्न 6- श्यामा ने एक बार गहरी दृष्टि से रामनिहाल को देखा। वह चुप हो गया। श्यामा ने आज्ञा-भरे स्वर में कहा, "आगे और भी कुछ है या बस ?" रामनिहाल ने सिर झुकाकर कहा, "हाँ, और भी कुछ है।" "वही कहो न।" [10]

क- मनोरमा ने रामनिहाल से क्या प्रार्थना की थी?

ख- रामनिहाल ने श्यामा को क्या बताया ?

ग- रामनिहाल को किस बात का संदेह हो रहा था और क्यों ?

घ- रामनिहाल के हाथ में किसका चित्र था ? चित्र को देखकर श्यामा ने आश्चर्य भरे स्वर में क्या कहा ?

प्रश्न 7- 'बस पाँच सौ ! इतनी-सी रकम देकर, आप मेरा अपमान कररहे हैं।' [10]

क- वक्ता कौन है ? इतनी-सी रकम से उसका क्या आशय था ?

ख- वक्ता की बात सुनकर रसीला ने क्या समझ लिया ? उस संबंध में वह क्या सोचने लगा ?

ग- रसीला ने यह बात किसे बताई ? रसीला की बात सुनकर उसने क्या कहा ?

घ- वक्ता ने रसीला से क्या लाने को कहा ? उसे देखकर वे क्यों चौंक उठे ?

प्रश्न 8- अरे, तुम यहाँ खड़ी हो ? जाकर तैयारी करो स्वागत की। जरा यह भी देख लें कि नाकवाले अपनी बेटी का स्वागत कैसे करते हैं ? [10]

क- यहाँ किसके स्वागत की बात हो रही है? उसका विशेष स्वागत क्यों किया जा रहा है ?

ख- प्रमोद जीवनलाल से क्या विनती करता है? क्या जीवनलाल उसकी बहन की विदाई करता है ?

ग- नाकवाले से क्या तात्पर्य है ? उपर्युक्त कथन को सुनकर जीवनलाल की पत्नी की क्या ?

घ- यह एकांकी किस सामाजिक बुराई की ओर संकेत करता है ? समझाकर लिखिए।

प्रश्न 9- काम लेने का ढंग उसे आता है, जिसे काम की परख हो। सुबह-शाम झाड़ू देने मात्र से कमरा साफ़ नहीं हो जाता। उसकी बनावट-सजावट भी कोई चीज़ है। [10]

क- उपर्युक्त कथन का संदर्भ स्पष्ट कीजिए।

ख- बेला ने अपने मायके के संबंध में क्या कहा?

ग- इंदु ने बेला को क्या समझाने का प्रयास किया ?

घ- बेला ने अपने कमरे के फ़र्नीचर के बारे में क्या कहा ?

प्रश्न 10- उमा- कैसा अचरज है, उन्हें पता भी नहीं लगा। माँ- पता लगा भी हो, तो क्या वह बताने वाला है। [10]

क- उमा को किस बात पर आश्चर्य हुआ ?

ख- माँ के उत्तर का आशय स्पष्ट कीजिए।

ग- अविनाश अपनी माँ से अलग क्यों रहता था ?

घ- माँ उसके घर क्यों नहीं आती-जाती थी ?

---------

Python Robotics & AI
JAVA Comp. Applications
Experts' Institute 8-D, Kutchery Road. Ph:9415368884
EXPERTS' INSTITUTE